Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 5:53 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:58 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 204 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 5 फरवरी 2026

एनिमल पार्क' को लेकर संदीप...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर युवा कांग्रेस पहुंची पुतला दहन करने, कार्यकर्ताओं मं धक्का-मुक्की

**हल्द्वानी।** बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं बढ़ती बेरोजगारी जैसे जनहित के मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री का पुतला दहन करने बुध पार्क पहुंचे जहां भारी पुलिस फॉर्स ने पहुंचकर पुतला छीने लगे जिस वजह से कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया पुलिस में तीखी बहस जनकर धक्का मुक्की हुई पुतला छीने के लिये पुलिस कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। भारी विरोध के बीच युवा नेता हेमन्त साहू को गिरफ्तार कर पहले कोतवाली फिर मेडिकल चौकी में बैठाए रखा। युवा नेता हेमन्त साहू व विशाल भोजक ने कहा उत्तराखण्ड में कानून स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई अपराध नशे का करोबार चरम सीमा पर पहुंच गया है। पुलिस सरकार के दबाव में कर रही है सही गलत का अंतर पता करने में नाकाम साबित हो रही हैं। युवा नेता हेमन्त साहू ने पुलिस गिरफ्तार करने के दौर फोन जब्त किए जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

### लोको पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**देहरादून।** लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाकर ट्रेन न रोकी होती तो बड़ा हादसा हो जाता। दोनों ओर 100 से अधिक वाहन ओर खड़े थे। मसूरी एक्सप्रेस दिल्ली से देहरादून आ रही थी। लोको पायलट को नकरौंदा फाटक के बंद होने का मैन्युअल तरीके से ग्रीन सिग्नल मिल गया था। ट्रेन आगे बढ़ रही थी तभी गेटमैन ने अचानक नकरौंदा फाटक खोल दिया। इससे वाहन ट्रैक पार करने लगे। डोईवाला और हर्रावाला के बीच नकरौंदा में ट्रेन गुजरने से ठीक पहले गेटमैन ने फाटक खोल दिया। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन रोक दी। उस वक्त फाटक के दोनों ओर 100 से अधिक वाहन खड़े थे, ऐसे में बड़ा हादसा बच गया।

# मील का पत्थर सिद्ध होगी जमरानी परियोजना:मुख्यमंत्री धामी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के भ्रमण के दौरान गोला नदी में सिंचाई, पेयजल आदि के लिए बनाए जा रहे जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मौके पर किए जा रहे कार्यों के बारे में अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना की प्रगति, समयबद्धता एवं गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी लेते हुए तय समय पर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर, उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना के अंतर्गत कराए जा रहे अन्य निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा सकारात्मक सोच के साथ कई वार्ताओं के माध्यम से पर्यावरणीय एवं तकनीकी कठिनाईयों को दूर किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जन भावनाओं के अनुरूप जमरानी बांध की स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने जमरानी बांध परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग करने वाले सभी स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार योजनाओं को कागजों से निकाल कर धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम कागजों पर नही बल्कि काम पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों पर अड़चन व धनराशि की परवाह न करते हुए अड़चनों को दूर करते हुए विकास कार्यों को निरन्तर आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में एक भी योजना अधूरी नहीं रहेगी, जनभावनाओं को देखते हुए सभी योजनाओं को प्राथमिकता से पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध परियोजना हमारी समृद्धि का प्रतीक है। उत्तराखण्ड राज्य को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने में जमरानी बांध का भी बहुत बड़ा योगदान होगा और यह राज्य के प्रगति पथ पर आगे बढ़ने का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जमरानी बांध के निर्माण से जहां एक ओर सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी वहीं यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर भी इससे प्राप्त होंगे। यहां पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगो की मांग है कि इस परियोजना से विद्युत का भी उत्पादन हो, इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार से वार्ता की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कुमाऊं के तराई क्षेत्र के साथ ही उत्तर प्रदेश के किसानों एवं क्षेत्र वासियों को भी इसका लाभ मिलेगा, साथ ही इस परियोजना से अनेक गतिविधियां बढ़ेंगी। इस दौरान जमरानी बांध परियोजना के महाप्रबंधक महेश खरे द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना अंतर्गत दो टनलों का निर्माण कार्य लगभग 88 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त नदी के पानी के डायवर्सन हेतु कॉफर डैम का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जून 2026 तक टनल निर्माण एवं कृत्रिम डैम का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके उपरांत आगामी मानसून में नदी का पानी टनलों के माध्यम से डायवर्ट किया जाएगा। इसके बाद स्थायी बांध के निर्माण कार्य को प्रारंभ कर उसे तेजी से किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि जमरानी बांध परियोजना का समस्त निर्माण कार्य जून 2029 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस हेतु कार्य तेजी से किया जा रहा है।

राज्यसभा में पीएम दे सकते हैं जवाब

# दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली
एजेंसी



संसद के बजट सत्र का आज सातवां दिन है। पीएम मोदी आज राज्यसभा में शाम पांच बजे राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे सकते हैं। लोकसभा में आठ सांसदों के निलंबन और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य को कथित तौर पर रोके जाने के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच गतिरोध बरकरार है। स्पीकर ओम बिरला ने हंगामे पर नाराजगी जताते हुए सदन की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित कर दी।

केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा, %हम जब कांग्रेस में थे, जीतकर पार्टी को सीट लाते थे, उनपर कभी बोझ नहीं बने। जब लगा कि ये परिवार की पार्टी रह गई, गांधी की पार्टी रह गई तब लोग निकल गए। अगर कांग्रेस रहती तो कांग्रेस में लोग रहते। अगर ये कांग्रेस होती तो सबसे पहले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी निलंबित होते।

बंधुआ मजदूरों कि तरह अपने सांसदों को आगे करके उन्हें निलंबित करवा देते हैं और अब मौज से गाड़ी में आते हैं और चले जाते हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लिए राज्यसभा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के अबोध शब्द का इस्तेमाल करने पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, यह किस तरह की बातें है। क्या किसी के बारे में बात करने का यह कोई तरीका है? वे किस बात से डर रहे हैं? कि वह किसी किताब से कुछ कोट करेंगे? या वे एपस्टीन फाइलों से डर रहे हैं? या कि हम उनसे इस डील (अमेरिका-भारत व्यापार समझौते) पर सवाल करेंगे?

# चाइनीज मांझे पर सीएम योगी का सख्त एक्शन, पूरे प्रदेश से किया बैन

लखनऊ
हमारे संवाददाता

लखनऊ में कल हुई थी दर्दनाक मौत राजधानी लखनऊ के बाजारखाला में चीनी मांझे में फंसकर एक युवक की मौत के बाद प्रदेश की योगी सरकार ने सख्त निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में चीनी मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों को पूरे राज्य में छापेमारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी मांझे से होने वाली मौतों को हत्या माना जाएगा। पूरे राज्य में की गई कार्रवाई की उच्च स्तर पर समीक्षा की जाएगी।

बुधवार को बाजारखाला में पतंग की डोर ने एक युवक का गला रेत गया। इस दौरान गले की नस कट जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, कुछ दिन पहले हवा में उड़ती पतंग के तार के हाईटेंशन लाइन पर गिर जाने से मेट्रो मेट्रो ट्रेनें जहां की तहां रुक गई थीं।



**निर्णय**

- लखनऊ में कल हुई थी दर्दनाक मौत

बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चीनी मांझे के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और इसके कारण होने वाली मौतों को हत्या की श्रेणी में रखा जाएगा। मांझे के इस्तेमाल पर रोक के लिए पूरे राज्य में कार्रवाई की जाएगी जिसकी उच्चस्तर पर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

# जंगल में पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव, क्षेत्र में सनसनी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

कई दिनों से लापता युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय लोगों ने जंगल में एक शव लटके होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्त कमलुआगांजा निवासी 35 वर्षीय दीपक चंद्र जोशी के रूप में हुई है। दीपक बीते कुछ दिनों से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों द्वारा मुखानी थाने में दर्ज कराई गई थी। शव मिलने की खबर मिलते ही मृतक के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि दीपक अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। मौत के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# रुद्रपुर में चोरों ने मोबाइल की दुकान से लाखों के मोबाइल उड़ाए

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता



एक मोबाइल से लाखों के रुपए के मोबाइल चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पुलिस पहुंची और मौका मुआयना किया। उधर घटना को लेकर व्यापर मंडल के पदाधिकारी पहुंचे। काशीपुर बाईपास रोड अग्रसेन चौक के समीप ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी गौरव मुंजाल की मोबाइल मंत्रा के नाम से दो मंजिला दुकान है। बुधवार की देर शाम को रोजमर्रा की भांति दुकान बंद की थी और गुरुवार को जैसे ही दुकान के कर्मचारी ने दुकान का ताला खोला। तो दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कीमती मोबाइल के करीब 68 डिब्बे भी गायब थे। सूचना मिलते ही दुकान स्वामी आनन फानन में दुकान पर पहुंचे और जब छत पर जाकर देखा। तो खाली मोबाइल के डिब्बों का ढेर लगा हुआ था और छत के प्रवेश गेट पर लगा लोहे का गेट भी टूटा हुआ पड़ा था। जिससे साफ था कि चोरों ने बेफिक्र होकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सूचना मिलते ही एसएसआई केसी आर्या,बाजार चौकी प्रभारी जितेंद्र खत्री, एएसआई अमित कुमार पहुंचे। इसके बाद फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पहुंची। उधर व्यापारी नेताओं ने घटना पर नाराजगी भी जताई। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। दुकान स्वामी का कहना था कि दुकान के अंदर 68 कीमती मोबाइल गायब है। जिन की कीमत 20 लाख रुपये के करीब है और गल्ले में 40 हजार रुपये की नगदी भी रखी हुई थी। उधर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, देवभूमि व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष डायमंड, संजय ठुकराल आदि पहुंचे। व्यापार मंडल ने घटना पर रोष जाहिर करते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए।

**घटना**

- बगल वाली दुकान के रास्ते पहुंच सीढ़ियों का गेट तोड़ कर घटना को अंजाम दिया

# पैंचक सिलाट खिलाड़ियों ने किया उत्तराखंड का नाम रोशन

**देहरादून/रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मल्टीपर्पस परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित 3ह्ख्न ऑल इंडिया पैंचक सिलाट चैंपियनशिप में रुद्रपुर के बालक-बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 10 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या जी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

पैंचक सिलाट एसोसिएशन उत्तराखंड के महासचिव बब्लू दिवाकर ने बताया कि प्रतियोगिता में 30 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा छ्क्रुस्त्र, ड्डञ्चक्क, असम पुलिस, जम्मू और कश्मीर पुलिस, उत्तराखंड पुलिस के 1200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन सर्वाधिक पदकों के साथ उत्तराखंड रहा, दूसरे स्थान पर जम्मू और कश्मीर और तीसरे स्थान पर हरियाणा रहा। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या जी ने कहा, मैं थर्ड ऑल इंडिया पैंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026 के समापन अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को बधाई देती हूं। यह प्रतियोगिता उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा अवसर है और हमें गर्व है कि हमारे खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मैं विश्वास करती हूं कि पैंचक सिलाट खेल का भविष्य उज्ज्वल है और हमारे खिलाड़ी देश और दुनिया में इसका नाम रोशन करेंगे।



**इन खिलाड़ियों को सम्मानित :** पिंकी - स्वर्ण पदक प्री-जूनियर, प्रतिमा यादव स्वर्ण पदक जूनियर,अनमोल रजत पदक जूनियर रेगु,अतुल रजत पदक जूनियर रेगु,अक्षत रजत पदक जूनियर रेगु,मान्या शर्मा - कांस्य पदक टैंडिंग प्री जूनियर गर्ल्स, अदित्या कश्यप कांस्य पदक टैंडिंग जूनियर बॉयज़,अनमोल स्वर्ण पदक टैंडिंग जूनियर बॉयज,श्रियांशु पाल - कांस्य पदक टैंडिंग जूनियर बॉयज, सुमित कुमार - कांस्य पदक टैंडिंग प्री-टीम बॉयज,तन्वी नेगी रजत पदक टैंडिंग प्री जूनियर गर्ल्स, प्राची रावत स्वर्ण पदक टैंडिंग प्री-टीम गर्ल्स,साची गंगवार रजत पदक टैंडिंग जूनियर गर्ल्स, वृंदा राजन - रजत पदक टैंडिंग प्री-टीम गर्ल्स, संकल्प - स्वर्ण पदक जूनियर,हृदिक यादव - रजत पदक प्री-टीम,हर्षिका गौर कांस्य पदक प्री जूनियर,विवान दीपक - रजत पदक रेगु,दृशिा सागर कांस्य पदक तुंगल,अगम कुमार स्वर्ण पदक मैकान,समरप्रीत स्वर्ण पदक प्री-टीम,मान्या कोचर स्वर्ण पदक प्री जूनियर,समृद्ध गबा रजत पदक प्री-टीम,मिशिता राव - स्वर्ण पदक रेगु प्री जूनियर,आराध्य चौहान - स्वर्ण पदक रेगु प्री जूनियर,नंदिनी देव स्वर्ण पदक प्री जूनियर,मनन नेगी स्वर्ण पदक जूनियर,दिवागम सिंह स्वर्ण पदक जूनियर,ऑशिका मिश्रा स्वर्ण पदक जूनियर,जेनिका धामी - स्वर्ण पदक जूनियर,आशीता नारंग - कांस्य पदक प्री जूनियर,आरना अग्रवाल - कांस्य पदक प्री जूनियर,अभिनभ अधिकारी - कांस्य पदक प्री जूनियर,प्रिंस सिंह - स्वर्ण पदक जूनियर,चेतन प्रजापति - रजत पदक टैंडिंग,सुनीता भट्ट स्वर्ण पदक रेगु,बृजेश राजपूत स्वर्ण पदक जूनियर,गुरकरण सिंह- स्वर्ण पदक प्री-टीम,तनुजा बुंगला स्वर्ण पदक रेगु,चेतन प्रजापति स्वर्ण पदक सीनियर,पूजा मेहर स्वर्ण सीनियर,हर्षिता सक्सेना प्रीत तीन स्वर्ण पदक।

## NEWS / फटाफट

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर के समीप बेसुध पड़ा मिला युवक

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती भूमियाधार क्षेत्र में युवक के घर के समीप ही संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिलने से हड ?प मच गया। बेसुध युवक को ग्रामीणों ने तुरंत वाहन से राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल नैनीतालल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार भूमियाधार निवासी इंदर कुमार(35) को पड़ोसियों ने घर के समीप बेसुध पड़ा हुआ देखा। परिजनों को जानकारी देने के साथ ही पड़ोसी उसे तत्काल राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल ले आए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवक के देर रात घर के समीप गली में गिर गया था, जिसके उसके सिर में भी चोट लगी थी। देर रात किसी के न देखने के चलते सुबह युवक को अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### एंड्राइड फाउंडेशन दिल्ली ने स्कूली बच्चों को वितरित किए ट्रैक सूट



**नैनीताल ।** राजकीय इंटर कॉलेज नौकुचियाताल में एंड्राइड फ ाउंडेशन दिल्ली के द्वारा विद्यालय की 150 बच्चों को ट्रैक सूट वितरित किए गए। संस्था के प्रतिनिधि रविंद्र गुप्ता एवं उनके सुपुत्र राकेश गुप्ता द्वारा ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने संस्था के प्रयासों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधि रामपाल गंगोला, सदस्य हेमा दुमका सदस्य नगर पालिका परिषद भीमताल और विनोद दुमका एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पढ़ाई में खूब मन लगाकर करने एवं परिश्रम करने को प्रेरित किया । श्री गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से उपलबध संसाधनों की समुचित उपयोग एवं नशे की प्रवृति से दूर रहने के लिए कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी लक्ष्य पर ध्यान देने केंद्रित करने को कहा । अंत में प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद व आभार व्यक्तित्व किया गया। इस अवसर विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अभिभावक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र भंडारी ने किया।

### मॉल रोड पर गलत दिशा में कार दौड़ाना पर्यटकों को पड़ा भारी

**नैनीताल ।** नैनीताल की मॉल रोड पर पर्यटकों को कार दौड़ाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटकों को रोककर यातायात नियमों का उलंघन कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार बुधवार को अपर मॉल रोड पर यूपी से आए पर्यटक कार से गलत दिशा से मल्लीताल पहुंच गए। पुलिस के रोकने पर भी पर्यटक नहीं रूके तो मल्लीताल में पुलिस ने पर्यटकों की कार को रोक लिया। पुलिस ने गलत दिशा में आने की बात कहते हुए पर्यटकों से चालान करने की बात कही तो वह पुलिस से उलझने लगे, साथ ही पर्यटक कई लोगों को फोन कर पुलिस से बात करने को कहने लगे लेकिन नियमों की जानकारी देने के बाद पर्यटक शांत हो गए। एसआई युनूस ने बताया कि गलत दिशा में कार चलान, यातायात नियमों का उलंघन करने पर पीलीभीत निवासी यूपी निवासी दया बर्मा के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की है। इसके अलावा यातायात नियमों का उलंघन करने पर 8 अन्य के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई है।

### शनि देव मंदिर का वार्षिकोत्सव 7 को,तैयारी शुरु

**नैनीताल ।** नगर की ठंडी सड़क स्थित शनि देव मंदिर का 24वॉं वार्षिकोत्सव समारोह 7 फ रवरी (शनिवार) को मनाया जाएगा। समारोह की प्राथमिकता से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी के मुताबिक वार्षिकोत्सव के विशेष मौके पर सुबह से मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान होंगे जबकि 110 बजे से सुंदरकांड समेत भजन कीर्तन तथा आरती, प्रसाद वितरण तथा 0अपराह्न दो बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नगर की जनता से अधिक से अधिक संखया में वार्षिकोत्सव समारोह के तहत आयोजित होने वाले विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही भंडारे में भाग लेने की गुजारिश की है।



# सड़मक सुरक्षा माह के तहत वाहनों में रेडियम पट्टी लगाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार यातायात दुर्घटनाओं में प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए प्रदेश में 16 जनवरी से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया है।

एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश में एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में नैनीताल पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसके तहत बुधवार को नैनीताल क्षेत्र में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल व एसआई मो. यूनुस ने टैक्सी वाहनों, बसों तथा बाइकों में रेडियम पट्टी लगाई साथ ही रेडियम पट्टी के फायदे बताए।

इस दौरान ड्राइवरों तथा जेमू बस चालकों व स्थानीय लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी साथ ही ओवर लोडिंग, तेज रफ्तार तथा शराब पीकर वाहन न चलने की अपील की। उन्होंने नियमों के उल्लघन करने पर की जाने वाली कार्रवाई की भी जानकारी दी।

# राजकीय पॉलिटेनिक नैनीताल के स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई राजकीय पॉलिटेनिक नैनीताल के स्वयं सेवकों द्वारा बुधवार को डीएसए ग्राउंड नैनीताल में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

बता दें इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम में मुखय अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, नारायण नगर वार्ड के पार्षद भगवत सिंह रावत तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भावना आर्या, सुरेश सिंह, राजेश कुमार लोहनी एवं रजनीश भुटानी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा डीएसए ग्राउंड परिसर की साफ. सफाई की गई तथा आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष एवं पार्षद द्वारा स्वयंसेवकों को मास्क एवं दस्ताने वितरित किए गए ताकि स्वच्छता कार्य सुरक्षित रूप से किया जा सके कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का संकल्प लिया।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ग्राम सभा धूरा के जौरासी में समाजसेवी शीलू कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय जौरासी ग्राम सभा धूरा में समाजसेवी शीलू कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। लोगों ने पानी की समस्या और किसानों को उचित दाम न मिलने की परेशानियों से उन्हें अवगत कराया।

बता दें शीलू कुमार ने इन मुद्दों पर चर्चा की तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को स्कूल बैग और अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की इसके साथ ही कई ग्रामीणों को आर्थिक सहायता प्रदान की कार्यक्रम में ग्रामीणों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिलाकार्यक्रम के दौरान लोगों में शीलू कुमार के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। ग्रामीण क्षेत्र की मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही। ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव में हम



शीलू कुमार का खुलकर समर्थन करेंगे और उन्हें जीताकर विधानसभा भेजेंगे। जवाब में शीलू कुमार ने कहा हम अपने निजी प्रयासों से जितना कर सकेंगेए करेंगे।

शिक्षा और स्कूलों की दशा सुधारने पर हमारा विशेष जोर रहेगा। इस बार हम सब मिलकर इतिहास रचेंगे। इस दौरान पवन रावत, तरुण कुमार, विनय गोस्वामी तथा फ रदीन आदि उपस्थित रहे।

# नैनीताल में बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

खेल विभाग, नगर पालिका परिषद तथा जिला कीड़ा संघ के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार से नैनीताल में कुंवर पृथ्वीराज सिंह बिष्ट स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला गेम चेंजर्स इलेवन व द जंगल रिजार्ट की टीमों के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए गेम चेंजर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 136 रन अर्जित किये, लक्ष्य का पीछा करते हुए द जंगल रिजार्ट की टीम ने 12वें ओवर में ही तीन विकेट गवाकर जीत दर्ज की। मैच में दीप कुंवर व राजेंद्र परिहार अंपायर जबकि हिमांशु पांठक स्कोरर रहे।



इससे पूर्व नगर पालिका की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा विशिष्ट अतिथि राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मौके पर पालिका के सभासद भगवत रावत, मनोज साह जगाती समेत डीएसए के क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी समेत डा.मनोज सिंह बिष्ट, भुवन बिष्ट सहित अनेक खेल प्रेमी मौजूद थे। संचालन दीपक कुमार ने किया। बता दें पिछले कुछ दिनों से प्रतियोगिता को लेकर विवाद रहा अंततह बुधवार को प्रतियोगिता शुरू हुई जिससे नगर के खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की।

# अभिमत



## अनुमान और कानून

*न्याय मिलना सभी नागरिकों का अधिकार है, परन्तु कई मामलों में अधिकार मिलने पर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दोष सिद्धि से पहले जमानत मिलना अधिकार है, कई बार लोग इससे वंचित रह जाते हैं, क्योंकि 'हमारा कानून एक अनुमान पर आधारित है।' अगर कोई पांच-सात साल तक विचाराधीन कैदी रहे और बाद में निर्दोष साबित हो जाए तो उसके खोए समय की भरपाई कैसे होगी? इस मामले में यह भी महत्वपूर्ण है कि जहां राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा शामिल हो, वहां राहत के तौर पर जमानत से पहले गहराई से जांच करना अदालत का कर्तव्य है।*

लोकतांत्रिक शासन में न्यायपालिका महत्वपूर्ण स्तंभ है। न्यायिक व्यवस्था पर अटूट विश्वास है। न्याय मिलना सभी नागरिकों का अधिकार है, परन्तु कई मामलों में अधिकार मिलने पर सवाल उठते रहे हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि दोष सिद्धि से पहले जमानत मिलना अधिकार है, कई बार लोग इससे वंचित रह जाते हैं, क्योंकि 'हमारा कानून एक अनुमान पर आधारित है।' अगर कोई पांच-सात साल तक विचाराधीन कैदी रहे और बाद में निर्दोष साबित हो जाए तो उसके खोए समय की भरपाई कैसे होगी? इस मामले में यह भी महत्वपूर्ण है कि जहां राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा शामिल हो, वहां राहत के तौर पर जमानत से पहले गहराई से जांच करना अदालत का कर्तव्य है। दरअसल न्यायपालिका पर सिर्फ दोषियों को सजा सुनाने और निर्दोष को बरी करने की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का भी दायित्व है। दोष सिद्धि से पहले अपराध की गंभीरता पर विचार किये बिना जमानत दे दी जाये और जेल से बाहर आते ही आरोपी राष्ट्रीय सुरक्षा अथवा आंतरिक कानून व्यवस्था के लिए खतरा उत्पन्न कर दे तो स्थिति खतरनाक हो जायेगी। हर मामले में जमानत के अधिकार का पालन नहीं किया जा सकता है। मुख्य मुद्दा यह है कि जमानत नहीं मिलने और वर्षों तक जेल में रहने वाला जब निर्दोष साबित हो जाता है, तब उसके जेल में बीते समय की भरपाई नहीं हो पाती है। इस दृष्टिकोण से सस्ता, सुलभ और जल्द न्याय की मांग हमेशा उठती रही है। गरीब, असहाय व्यक्ति को अमीर और प्रभावशाली व्यक्ति पुलिस के जरिये कानून का दुरुपयोग करके जेल में बंद करा देता है। पैसे के बल पर जमानत नहीं होने देता है। तारीख पर तारीख पड़ती रहती हैं। अनेक मामलों में जेल में बंद व्यक्ति की मृत्यु तक हो जाती है। मरने के बाद फैसला होने का कोई महत्व नहीं रह जाता है। न्याय में देरी के बारे में तर्क दिया जाता है कि निर्दोष को सजा नहीं होने के उद्देश्य का पालन किया जाता है। यह दलील निरर्थक है, क्योंकि निर्दोष को जमानत नहीं मिलने पर सालों तक जेल में रखना भी सजा है। निष्कर्ष यही है कि अनुमान पर आधारित कानून में खामी है। गवाह और साक्ष्य के आधार पर फैसले होते हैं। साक्ष्य पैसे के बल पर कूटरचित तथा पुलिस द्वारा बनाये जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में बीस-तीस साल से मामले लंबित होना न्याय नहीं कहा जा सकता है।

# भीमताल में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन

### यूनाइटेड बाय यूनिक थीम पर जागरुकता कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

भीमताल
हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस के कॉलेज ऑफ फ र्मेसी में बुधवार को विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम यूनाइटेड बाय यूनिक के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उसकी रोकथाम पर चर्चा करना तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि डॉ. अजय बजाज वरिष्ठ कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन एवं स्पाइन सर्जन तथा बजाज हॉस्पिटल हल्द्वानी (उत्तराखंड) के संस्थापक रहे। उन्होंने हेल्थ, हेरिटेज एंड द ह्यूमन स्क्रिप्ट विषय पर मुखय व्याखयान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कोशिकीय और गुणसूत्रीय तंत्र, आनुवंशिक अभिव्यक्ति एवं वंशानुक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार आनुवंशिक व कोशिकीय बदलाव कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों



का कारण बन सकते हैं। डॉ. बजाज ने समय रहते जागरूकता, निवारक स्वास्थ्य देखभाल और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग और रील मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में ज्योति मेहता (बीफार्म द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम, जानवी गोसाईं (बीफ र्म छठा सेमेस्टर) ने द्वितीय तथा काजल कुमारी (बीफ र्म द्वितीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में वैभव चंद्र कठलिया (बी फ र्म द्वितीय सेमेस्टर) विजेता रहे जबकि अर्पिता जोशी (बीफ र्म द्वितीय सेमेस्टर)और निष्ठा मठोलिया (बीफ र्म छठा सेमेस्टर) क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं।

इसी तरह रील मेकिंग प्रतियोगिता में कृष्ण देव विश्वाश (बीफ र्म द्वितीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि अर्शप्रीत कौर और भावना तिवारी (बीफार्म छठा सेमेस्टर) संयुक्तत रुप से द्वितीय स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति की स्वास्थ्य यात्रा भले ही अलग होए लेकिन कैंसर के विरुद्ध लड़ाई में सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

## अधिक ब्याज व गारंटी का झांसा देकर 6.80 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़

**हल्द्वानी।** जनता को अधिक ब्याज व निवेश पर पूर्ण गारंटी का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का नैनीताल पुलिस ने पर्दाफाश किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी के सख्त निर्देशों पर की गई प्रभावी कार्रवाई में इस बड़े वित्तीय घोटाले के दो मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरोह ने करीब 6 करोड़ 80 लाख रुपये का गबन किया है। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक लाभ के लालच में आकर किसी भी अप्रमाणित संस्था या योजना में निवेश न करें और पहले उसकी वैधानिक जांच अवश्य करें। लंबे समय से लंबित गंभीर आपराधिक मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, क्षेत्राधिकारी अमित सैनी एवं क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पांडेय के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुशील कुमार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया

# हाटमिक्स रोड निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम श्री कैंची धाम को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

रामनगर से भंडारपानी -अमगढी तल्लीसेठी -रतोडा- बिलेख स्टेट हाईवे 71 के हाटमिस रोड निर्माण को लेकर मुखयमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी श्री कैंचीधाम को सौंपा गया।

जिला पंचायत सदस्य संजय बोहरा के नेतृत्व में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी कैंचीधाम को मुखयमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।लोनिवि ने शहीद बलवंत सिंह मेहरा मोटर मार्ग की पुरानी घोषणा के क्रम में मात्र सुरारीकरण की निविदा आमंत्रित की गयी है जबकि इस मार्ग को हाटमिकस किया जाना बहुत ही जरूरी है । यहाँ पर उपखनिज का कारोबार लगातार चलता रहता है जिससे बहुत अधिक वाहनों का दबाव रहता है साथ ही कैंचीधाम पहुँचने के लिए रामनगर बेतालघाट वाया शहीद मार्ग से होकर वाहनों का परिचालन रहता है । विभागीय अधिकारियों के द्वारा निविदा में स्पष्ट नही किया गया है कि वे




कौन सा कार्य करवाने हैं जिससे काफ ी संसय बना हुआ है ।क्षेत्र के ग्राम प्रधानों बीडीसी सदस्यों तथा ब्लाक प्रमुख के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया गया है कि इस मार्ग पर हाटमिकस मार्क के अलावा कोई भी कार्य स्वीकार्य योग्य नही है। दूसरी ओर मामले में अधिशासी अभियंता हीरा सिह ने कहा कि निविदा पर कोई ठेकेदार निविदा की शर्तो को पूर्ण नहीं कर पाया है ,अब पुनः निविदा प्रक्रिया आमंत्रित की गयी है ।निविदा स्वीकृति के बाद इस मार्ग पर हाटमिकस कार्य ही कराया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य संजय बोहरा समेत तरूण कुमार शर्मा, नरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह महरा, पीयूष सिंह, हरेन्द्र सिंह तथा मंजू देवी आदि शामिल थे।

# फिल्मी दुनिया

## एनिमल पार्क' को लेकर संदीप रेड्डी वांगा ने दी बड़ी अपडेट



*संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी। भारत में रिलीज और अपार सफलता के लगभग दो साल बाद अब 'एनिमल' जापान में रिलीज होने वाली है। 13 फरवरी को फिल्म की रिलीज से पहले कुछ खास दर्शकों के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई। इस दौरान निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और अभिनेता रणबीर कपूर ने लोगों से बात भी की। इसी दौरान जब फिल्म के सीक्वल 'एनिमल पार्क' के बारे में पूछा गया तो संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि कब फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। एनिमल पार्क' के बारे में बात करते हुए संदीप रेड्डी वांगा ने कहा, 'मौजूदा फिल्म खत्म होते ही 'एनिमल पार्क' की शूटिंग शुरू हो जाएगी। इसमें और भी जानवर होंगे क्योंकि अजीज भी एक जानवर है। इसे ध्यान में रखते हुए अब कहानी दो भाइयों के बीच होगी, जो दिखने में एक जैसे हैं। इसलिए मुझे लगा कि एनिमल पार्क सही टाइटल रहेगा। मैं 2027 के मिड में शूटिंग शुरू करूंगा।' संदीप रेड्डी वांगा अभी फिलहाल प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर 'स्पिरिट' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। इस मौके पर रणबीर कपूर ने भी फिल्म को लेकर बात की और 'एनिमल पार्क' को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की। अभिनेता ने कहा, 'संदीप के साथ सेट पर वापस आने और इस किरदार को निभाने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। अब एक और किरदार है। चूंकि यह एक निरंतर कहानी है, इसलिए पहले भाग की शूटिंग के दौरान ही उनके दिमाग में दूसरे पार्ट की कहानी भी स्पष्ट थी।*

### रामायण' में नजर आएंगे रणबीर

*रणबीर कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर पर काम कर रहे हैं। यह 1960 के दशक पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है। इसमें उनके साथ पत्नी आलिया भट्ट और विक्की कौशल प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके इसी साल रिलीज होने की संभावनाएं हैं। इसके अलावा रणबीर नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म रामायण पार्ट वन में भी नजर आएंगे।*

# विश्व कैंसर दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी०डि०)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के राजकीय इंटर कालेज नौकुचियाताल में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य गोपाल स्वरूप कोहली द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् अध्यापक राजेंद्र सिंह भंडारी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में डॉ. शुभाना द्वारा कैंसर के प्रकार व कैंसर होने के कारण तथा कैंसर से बचाव के तरीके के विषय सरल शब्दों में जागरूक किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर प्रकाश डालते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलाप जैसे निःशुल्क विधिक सहायता तथा उनकी पात्रता के संबन्ध में जानकारी मुहैया कराई है,साथ ही एन०डी०पी०एस० एक्ट के विषय में छात्रों को विधिक जानकारी दी गई।



## News कॉर्नर

### बोटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक डा.हाजरा के निधन पर कूटा ने जताया दुःख

नैनीताल । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने बोटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक व प्रसिद्ध पादप वर्गीकरण शास्त्री तथा एथेबॉटनिस्ट डॉ. प्रभात कुमार हाजरा (90)0 वर्ष के निधन पर शोक व्यक्त किया है तथा श्रद्धांजलि दी है। कूटा के मुताबिक डॉ. हाजरा ने भारतीय वनस्पति के साथ पादप कुल एस्ट्रेसी पर महत्वपूर्ण कार्य किया । कूटा ने कहा है कि उनका जाना वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में भारी नुकसान है । कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत संपूर्ण कूटा परिवार ने दु:ख जताया है।

### कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने मारपीट के मामले में एफआईआर दर्ज की

रुद्रपुर। कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने मारपीट और धमकी से संबंधित एक मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद सीओ सिटी प्रशांत कुमार कोतवाल मनोज रतूड़ी समेत अन्य पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर लोगों से जानकारी लेने के बाद साक्ष्य जुटाए। सीओ सिटी ने बताया कि सुभाष कालोनी निवासी उर्मिला ने पुलिस को सूचना कि घटना 1 फरवरी, 2026 की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस औपचारिक रूप से अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की निम्नलिखित धाराओं में मामला दर्ज किया है। उधर सीओ सिटी समेत पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंच निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। सीओ ने बताया कि घटना की विवेचना जारी है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कांवड़ यात्रा के साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पुलिस का अर्द्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च

## एसएसपी ने दिए शांति व्यवस्था व सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में आगामी पवित्र कांवड़ यात्रा एवं आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से ऊधमसिंहनगर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में जनपद में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों का संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला गया। बुधवार को फ्लैग मार्च काशीपुर,जसपुर में निकाला गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना,सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही असामाजिक तत्वों में कानून का भय स्थापित करना। कोतवाली जसपुर एवं कोतवाली काशीपुर पुलिस टीमों ने पैरामिलेट्री फोर्स के साथ मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों के मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, संवेदनशील स्थानों एवं घनी आबादी वाले इलाकों में पैदल गश्त की ।





### रुद्रपुर में भी निकाला गया फ्लैग मार्च

त्यौहारी सीजन को देखते हुए मंगलवार को रुद्रपुर में पुलिस ने पैरामिलिट्री के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों को संदेश दिया कि किसी भी तरह से क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। रुद्रपुर कोतवाली से फ्लेग मार्च प्रारंभ सीर गोटिया,सुभाष कॉलोनी, डीडी चौक, खेड़ा कालोनी होते हुए किच्छा रोड पर फ्लैग मार्च का समापन किया। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह से नशे की बिक्री क्षेत्र में ना हो इसको लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है।पुलिस ने लोगों से भी अपील की अगर कोई आसपास में नशे का कारोबार करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दी जाए ताकि पुलिस कार्रवाई कर सके।

**सुरक्षा का भरोसा:** फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने गलियों, चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुजरते हुए आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

# साईबर ठगों ने की काशीपुर के व्यवसाई से 28 लाख की धोखाधड़ी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

साईबर अपराधियों ने निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक नया और बेहद शातिर जाल बुनते हुए काशीपुर के एक व्यवसायी को करीब 28-85 लाख रुपये की चपत लगा दी ।

ठगी की यह वारदात फेसबुक विज्ञापन से शुरू होकर एक फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप और फिर प्ले स्टोर पर मौजूद एक संदिग्ध ऐप के जरिए अंजाम दी गई। पीड़ित की तहरीर पर साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन रुद्रपुर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगी के इस सुनियोजित सिलसिले की शुरुआत दिसंबर 2025 में हुई, जब काशीपुर के ओझान मोहल्ला निवासी एकांत जैन पुत्र स्व- रजत कुमार जैन ने अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर बाजार में निवेश से जुड़ा एक आकर्षक विज्ञापन देखा। विज्ञापन में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप पर रिडायरेक्ट कर दिया गया। इस ग्रुप में ठगों ने एडमिन के रूप में कई मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया था, जो खुद को शेयर मार्केट विशेषज्ञ बताते थे। ग्रुप में एकांत जैन के अलावा कई अन्य लोग भी जुड़े थे, जो लगातार आईपीओ और शेयरों में निवेश से हो रहे भारी मुनाफे के स्क्रीनशॉट साझा करते थे। इन फर्जी दावों और ग्रुप के अन्य सदस्यों के कृत्रिम उत्साह से प्रेरित होकर पीड़ित ने भी निवेश करने का मन बना लिया।

विश्वास जीतने के लिए ठगों ने एकांत को एक ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया। इस ऐप की विश्वसनीयता साबित करने के लिए ठगों ने गूगल प्ले स्टोर का एक लिंक साझा किया। जिससे पीड़ित को शक नहीं हुआ। ठगों के निर्देशानुसार, एकांत जैन ने 10 दिसंबर 2025 को पहली बार 50 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से स्थानांतरित किए। इसके बाद मुनाफे का लालच देकर ठगों ने उनसे किश्तों में मोटी रकम वसूलनी शुरू कर दी। 10 दिसंबर 2025 से 13 जनवरी 2026 के बीच पीड़ित ने कुल 28,85,000 रुपये ठगों द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में जमा कराए। इन खातों में एक्सिस बैंक की एमएच इंटरप्राईजेज यस बैंक मुरादाबाद, इंडसइंड बैंक की 'राईस ब्लिस ट्रेडर्स' और साउथ इंडियन बैंक जैसे संस्थानों के खाते शामिल थे। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित ने ऐप के वॉलेट में दिख रही अपनी रकम को निकालने (विड्रॉल) का प्रयास किया। जैसे ही उन्होंने निकासी के लिए आवेदन किया, ऐप ने उनके ट्रांजैक्शन पर रोक लगा दी। जब एकांत ने ग्रुप एडमिन से संपर्क किया, तो उन्होंने पैसे देने के बजाय टैक्स और अन्य शुल्कों के नाम पर और अधिक धनराशि की मांग शुरू कर दी। ठगों के इस रवैये से पीड़ित को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने तुरंत इसकी शिकायत भारत सरकार के साईबर पोर्टल पर दर्ज कराई।लेकिन तकनीकी त्रुटि के कारण उनके दो परिचितों के खाते भी फ्रीज हो गए। साईबर थाना पुलिस ने अब इस पूरे प्रकरण की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

# कुविवि नैनीताल के आईपीआर सेल ने किया कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल


हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि नैनीताल के आईपीआर सेल द्वारा आई.पी.आर.ला विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली की एडवोकेट तथा आर्क लीगल की मैनेजिंग पार्टनर खुशबू जैन ने आईपीआर से संबंधित कानूनी नियमों तथा अधिकारों आदि के विभिन्न पहलुओं से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया।

कार्यशाला में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया एवं आईपीआर से संबन्धित कानूनी नियमों के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल की साथ ही कार्यशाला की सराहना भी की।

कार्यशाला को संयोजक तथा समन्वयक आईपीआर सैल कुविवि नैनीताल प्रो. बीना पाण्डे ने अतिथि व्याखयान हेतु खुशबू जैन का स्वागत किया करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया, साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ-साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों संपादित कराने में सहयोग सेवा प्रदान कराने हेतु यूकोस्ट देहरादून को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।



# पर्यावरण संरक्षण के लिए किया स्कूलों में 200 पौधों का रोपण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान बुधवार को 569वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 569वें दिन विद्यालयों को पौधारोपण कार्यक्रमों से जोड़ते हुए मेरा पौधा मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत आज प्राथमिक विद्यालय आदीचौरा, जूनियर हाई स्कूल आदीचौरा, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लेगधार में अध्यापकों व छात्र छात्राओं के माध्यम से पौधारोपण किया गया साथ ही प्रत्येक छात्र.छात्रा को दो पौधे पूलम और आडू के दिए गए। छात्र.छात्राएं पौधों को अपने घर के परिसर में रोपित करेंगे तथा परिवार के सदस्य के रूप में फलदार वृक्ष बनने तक उसका संरक्षण करेंगे। गुरु रानी द्वारा छात्र.छात्राओं व अध्यापकों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ भी दिलाई गई ।गुरुरानी की इस पहल का सभी ने स्वागत किया है। दिनभर 2000 पौधों का रोपण किया गया। गुरु रानी ने कहा कि उद्यान कार्यालय डीडीहाट से दिए गए पौधों को छात्रछात्राओं को वितरित किया गया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग के उद्यान सहायक दिनेश चंद्र भट्ट, समेत ललित बिष्ट, वीरेंद्र कन्याल,भूपेंद्र खोलिया, सरिता बिष्ट,धीरज मेहता, सचिन कुमार, राजेंद्र कुमार, बलवंत सिंह ,इंदिरा देउपा, हिमांशु भट्ट ,देवेंद्र चूफाल व भगवान सिंह मौजूद रहे।



### बाराकोट रूट पर वाहनों की सीमित आवाजाही से यात्री परेशान

अल्मोड़ा। बाराकोट रूट में शाम के समय वाहनों की आवाजाही सीमित होने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ठंड के मौसम में यात्रियों को स्टेशन पर काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। जिला मुख्यालय से बाराकोट मोटर मार्ग पर एक मात्र बस का संचालन होता है। इसके अलावा टैक्सियां संचालित होती है। बुधवार को शाम के समय वाहनों की सीमित आवाजाही हुई। यात्रियों को स्टेशन पर गंतव्य को जाने के लिए वाहनों के लिए इंतजार करना पड़ा। कई यात्री टैक्सियां बदल-बदल कर गए, जिससे उन्हें दिक्कतें हुई।

# भाजपा के प्रतिनिधियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य और गरमपानी मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट ने बुधवार को गरमपानी मंडल के रातीघाट, घुना, कफ लटा, बारगल, गरजोली, सिलटोना, गजार व धरमाड़ी आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया।

इस दौरान हेम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, कुछ समस्याओं का उन्होंने तत्काल अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का मौके पर निस्तारण कराया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पानी की आए दिन समस्या होती है। कहा कि उनके क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है जिनसे उनकी फसलों को नुकसान हो रहा है वही उन्होंनें ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही वह सीएम पुष्कर सिंह धामी से वार्ताकर उनकी समस्याओं से निदान दिलाएंगे वही हेम आर्य को जनता का पूर्ण समर्थन नैनीताल विधानसभा से मिल रहा है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट समेत बीटीसी मेंबर विजय कुमार के साथ ही ग्रामीण मौजूद थे।



# पूर्ण सद्गुरु के बिना त्रिगुणातीत अवस्था पाना असंभव:डॉ. सर्वेश्वर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से एम.बी. इंटर कॉलेज ग्राउंड, कैनाल रोड, हल्द्वानी में आयोजित श्री शिव कथा के अंतिम दिवस कथा पंडाल में देव दीपावली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुदेव आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व दीपावली की तरह ही विशेष महत्त्व रखता है। जिस प्रकार हम सब कार्तिक मास की अमावस्या को दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक मास की पूर्णिमा को देवता स्वर्ग में दीपावली का पर्व मनाते हैं। इस दिन देवाधिदेव महादेव ने त्रिपुरारी रूप धारण कर त्रिपुर दहन किया था और देवताओं को त्रिपुरासुर के आतंक से मुक्त किया था। इसी प्रसन्नता में देवों ने स्वर्ग में दीपमाला कर दीपावली का पर्व मनाया, जिसे देव दीपावली अथवा कार्तिक दीपार्चना पर्व के नाम से जाना जाता है। कथा व्यास जी ने बताया कि ये त्रिपुर प्रतीक हैं सत्व, रज, और तम के त्रिगुणों के, जिन्होंने हमारी देहराज्य पर आधिपत्य स्थापित कर सद्गुणों को निष्कासित कर दिया है। पूर्ण सद्गुरु वो क्रोधजित महायोगी होते हैं जो साक्षात् शिव रूप धारण कर साधक के भीतर आदिनाम के सुमिरन बाण से इन तीनों गुणों का अंत कर देते हैं और अपने शिष्य को त्रिगुणातीत अवस्था प्रदान करते हैं।



अत: देव दीपावली का पर्व यहीं सन्देश देता है कि हम भी अपने जीवन में एक ऐसे सद्गुरु का आश्रय ग्रहण करें जो हमारी श्वासों के भीतर उस आदिनाम का सुमिरन प्रकट कर हमें ब्रह्म में स्थित कर दें। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान इसी ब्रह्मज्ञान के लिए समाज के हर वर्ग का आह्वान करता है जिससे जन-जन में दैवीय गुणों यथा ऐक्य, शांति, प्रेम व सद्भावना का संचार कर इस धरा को ही स्वर्ग बनाया जा सके।